तापमान
अधिकतम 38.6 डिग्री से.
न्यूनतम 26.8 डिग्री से.

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार 4 जुलाई 2026

11 किसान नेताओं ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा



12 एचटेट : 22 केंद्रों पर 13,768 अभ्यर्थी तीन लेवल में देंगे परीक्षा



## खबर संक्षेप

### भूमि विवाद में घर पर हमला, महिलाओं समेत कई घायल

**गन्नौर।** गांव सांदल कला में जमीन के पुराने विवाद को लेकर एक पक्ष के लोगों पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता प्रमोद ने बताया कि वह अपने पिता रामकिशन, भाई विनोद, बहन रीना और अन्य परिजनों के साथ घर पर मौजूद था, तभी दूसरे पक्ष के कई लोग राड, डंडे, जैली, गंडासी और अन्य हथियारों के साथ घर में घुस आए। आरोप है कि हमलावरों ने प्रमोद, उसके पिता, भाई और बहन रीना के साथ मारपीट की तथा घर में तोड़फोड़ करते हुए कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर मचने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### काम पर गया युवक लापता, केस दर्ज

**गन्नौर।** गांव अगवानपुर से एक 26 वर्षीय युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। युवक की मां बीरमति ने थाना गन्नौर में शिकायत दी कि उसका बेटा श्याम 30 जून को दोपहर में काम पर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाद में जानकारी मिली कि वह काम से निकलने के बाद गांव गुमड़ निवासी मोहित के पास था। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### खंदराई में युवक की हत्या मामले में एक काबू

**गोहाना।** शहर थाना पुलिस ने गांव खंदराई में युवक की हत्या के मामले में आरोपी सुमित निवासी कबीर बस्ती, सोनीपत को गिरफ्तार कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार, दो साल पुरानी रंजिश के चलते हुए विवाद में आरोपितों ने सूए और धारदार हथियारों से हमला किया था, जिसमें सोमबीर की मौत हो गई थी और उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### कार की टक्कर में युवक की मौत, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-44 के संपर्क मार्ग पर कार की टक्कर में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर केस दर्ज किया है। राज ने शिकायत में बताया कि वह अपने भाई भानू प्रताप के साथ एचएसआईआईडीसी, राई स्थित एक कोल्ड स्टोरेज परिसर में रहते हैं। दोनों वीरवार को अपने गांव के कुछ परिचितों से मिलने प्याऊ मनियारी गए थे। वापस लौटते समय एनएच-44 पर कार ने भानू को टक्कर मार दी।

---

### जांच में फायर एक्सटिंग्विशर अनुपयोगी और पाइपलाइन में नहीं मिला पानी, सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल

# औद्योगिक क्षेत्र के कपड़ा गोदाम में भीषण आग, छत पर फंसे श्रमिक के परिवार को क्रेन से सुरक्षित निकाला




गन्नौर। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 स्थित प्लॉट नंबर 482 पर संचालित एक कपड़ा गोदाम में शुक्रवार शाम भीषण आग लग गई। आग पहली मंजिल पर अज्ञात कारणों से शुरू हुई और कुछ ही देर में पूरे गोदाम में फैल गई। आग की लपटों और घने धुएं से आसपास के औद्योगिक क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी दमकल केंद्र की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के लिए गन्नौर, सोनीपत, राई, समालखा और पानीपत से भी दमकल वाहनों को बुलाया गया। सभी टीमों ने संयुक्त रूप से आग बुझाने का अभियान चलाया और देर शाम तक आग पर काबू पाने के प्रयास जारी रहे। आग लगने के समय पहली मंजिल पर रह रहे एक श्रमिक, उसकी पत्नी और बच्चे अंदर फंस गए। दमकल विभाग और पुलिस ने हाइड्रा क्रेन की मदद से उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते बचाव होने से बड़ा हादसा टल गया। आग में गोदाम में रखा कपड़ा और अन्य सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया।

## आग पर काबू पाने को पांच शहरों से पहुंचीं दमकल की गाड़ियां

### दमकल कर्मी बोले, फैक्ट्री में अग्नि सुरक्षा सिर्फ खानापूर्ति

बड़ी दमकल केंद्र के लीडिंग फायरमैन नरेश कुमार ने बताया कि फैक्ट्री में अग्निशमन उपकरण लगे हुए तो मिले, लेकिन मौके पर कोई भी फायर एक्सटिंग्विशर उपयोग योग्य नहीं था। आग बुझाने के लिए बनाई गई पाइपलाइन जंग लगी हुई थी और उसमें पानी की आपूर्ति भी नहीं थी। न तो जमीन और न ही छत पर पानी का टैंक बना हुआ था। उन्होंने बताया कि आग बुझने के बाद फैक्ट्री संचालक से इस संबंध में जवाब तलब किया जाएगा। फायर एनओसी को लेकर उन्होंने कहा कि कंपनी का नाम और एनओसी की स्थिति बाद में स्पष्ट की जाएगी।

### परिवार की बड़ी मुश्किल से बची जान : पंकज



मजदूर पंकज ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ कंपनी की छत पर बने कमरे में पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं। आग लगने के बाद उनका परिवार पहली मंजिल पर फंस गया था, जिन्हें बड़ी मुश्किल से हाइड्रा की मदद से सुरक्षित नीचे उतारा गया।

### लेबर का कंपनी में रहना गलत, दमकल उपकरण भी नहीं मिले : नवीन कौशिक

एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में पहले भी आग की घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिए प्रत्येक इकाई को अग्नि सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस भवन में आग लगी, वहां पहली मंजिल पर एक परिवार रह रहा था, जो गंभीर लापरवाही है। यदि समय रहते उन्हें बाहर नहीं निकाला जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी उद्योग का समर्थन नहीं किया जाएगा और उपकरणों की नियमित जांच जरूरी है।

---

## सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक में कई बड़ी परियोजनाओं को हरी झंडी

# सोनीपत को मिलेगा नया स्वरूप, थीम और एम्यूजमेंट पार्क को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक में शहर के कायाकल्प से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में प्रस्तावित थीम पार्क, एम्यूजमेंट पार्क और अत्याधुनिक दशहरा ग्राउंड जैसी बड़ी योजनाएं मुख्य आकर्षण रहीं।

### विधायक रहे मौजूद

इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने के बाद शहरवासियों को मनोरंजन, सांस्कृतिक आयोजनों और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस उच्च स्तरीय बैठक में राई विधायक कृष्णा गहलावत, खरखौदा विधायक पवन खरखौदा, गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान, मेयर राजीव जैन और प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. मोना श्रीनिवासन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विधायक निखिल मदान ने चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-4 में थीम पार्क और एम्यूजमेंट पार्क विकसित करने की तैयारी की जा रही है, जिनकी टेंडर प्रक्रिया जारी है। इन दोनों परियोजनाओं में थीम पार्क को हरियाली, आकर्षक लैंडस्केपिंग, वॉकिंग ट्रैक, बैठने की आधुनिक व्यवस्था और बच्चों के खेल क्षेत्र के साथ विकसित किया जाएगा। वहीं एम्यूजमेंट पार्क युवाओं और बच्चों के लिए मनोरंजन का प्रमुख केंद्र बनेगा, जिससे लोगों को बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा राठधना में 60 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रस्ताव भी पारित किया गया। शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जाजल और मछरौला में दो नए रैनीवेल स्थापित किए जा रहे हैं। सेक्टर-7 की मुख्य सड़क के चौड़ीकरण और प्रमुख मार्गों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा



सोनीपत। सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक में मौजूद विधायक व अन्य।

### दशहरा ग्राउंड बनाने की योजना पर भी सहमति

बैठक में सेक्टर-16 के निकट रंगोली ग्रीन और रेवली गांव के पास अत्याधुनिक दशहरा ग्राउंड बनाने की योजना पर भी सहमति बनी। यह मैदान बड़े आयोजनों, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मेलों और रामलीला के लिए स्थायी सुविधा प्रदान करेगा।

## युवक की पीट-पीटकर हत्या मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

- जठेड़ी में प्रेम-प्रसंग के शक में विशाल की हत्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

राई थाना क्षेत्र के गांव जठेड़ी में 26 वर्षीय युवक विशाल की पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गांव जठेड़ी निवासी सोमबीर और उसके भाई सुनील के रूप में हुई है।

### दो पहले हो चुके गिरफ्तार

इससे पहले पुलिस इस मामले में दो अपचारी बालकों को उनके परिजनों की मौजूदगी में अभिरक्षा में ले चुकी है। दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के गांव खंदावली निवासी शिवकुमार ने शिकायत दी थी कि उसका बेटा विशाल राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी फैक्ट्री में काम करता था और जठेड़ी गांव में किराये के मकान में रहता था। पड़ोस में रहने वाले एक परिवार से उसके अच्छे संबंध थे। शिकायत में आरोप है कि पड़ोसी को अपनी पत्नी और विशाल के बीच प्रेम-प्रसंग का शक था। इसी संदेह को लेकर उसने कुछ माह पहले विशाल को फोन पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। परिजनों के अनुसार, घटना वाली रात उनके मोबाइल पर एक कॉल आई, जिसमें विशाल की चीख-पुकार सुनाई दे रही थी। इसके बाद फोन पर मौजूद लोगों ने बताया कि उन्होंने विशाल की हत्या कर दी है और उसे आकर ले जाएं। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो पाया कि विशाल पर लाठी-डंडों से हमला किया गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपितों की तलाश जारी है

---

## दुकान का शटर बंद करते समय करंट लगने से युवक की मौत

- ओल्ड डीसी रोड स्थित एक दुकान में हादसा
- परिवार ने अस्पताल पहुंचाया, मृत घोषित

**सोनीपत।** ओल्ड डीसी रोड स्थित एक दुकान पर कार्यरत 23 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब वह देर रात काम पूरा करने के बाद दुकान का शटर बंद कर रहा था। घटना के बाद परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। सेक्टर-15 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी मोनू एक दुकान पर काम करता था। परिजनों के अनुसार, वह वीरवार रात एक शादी समारोह का कार्य पूरा करने के बाद दुकान पर लौटा था। आरोप है कि दुकान के शटर में काफी समय से करंट आने की समस्या थी, लेकिन इसे ठीक नहीं कराया गया। रात करीब 12 बजे जब मोनू ने शटर बंद करने के लिए हाथ लगाया तो वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास के लोगों और परिजनों ने उसे तुरंत जिला नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार ने पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने बताया कि मामले में फिलहाल निवारक कार्रवाई की गई है।

## बूंदाबांदी से मौसम हुआ सुहावना

**सोनीपत।** जिले में शुक्रवार को दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा। सुबह से आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही और बीच-बीच में धूप निकलने से उमस का असर बढ़ गया। हवा की रफ्तार कम रहने के कारण लोगों को दिनभर चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ा। हालांकि शाम करीब पौने आठ बजे हुई हल्की बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। मौसम विभाग के अनुसार जिले में अगले एक सप्ताह तक मानसूनी गतिविधियां बनी रहने की संभावना है। इस दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।

## गोहानाः रक्तदान शिविर कल

**गोहाना।** शहर की प्रथम देहदात्री भागवंती गगनेजा की 7वीं बरसी पर 5 जुलाई को रक्तदान शिविर आयोजित होगा। शहर की काठमंडी में सफेदी वाली गली में यह शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। रक्तदान शिविर प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति और भागराम ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया जाएगा। सानिध्य महेंद्रपाल गगनेजा और राजेंद्र गगनेजा का रहेगा। अध्यक्षता दोनों संस्थाओं के अध्यक्ष क्रमशः गुलशन बजाज और उषा गगनेजा की होंगी।

---

## खबर प्रकाशित होने के बाद जागे अधिकारी, मजदूर लगाकर गलियों से मलबा हटाने की शुरुआत

### चार दिन पहले लोगों ने सीवर व्यवस्था, पेयजल और बिजली आपूर्ति में बरती जा रही खामियों को लेकर लगाया था जाम

# नगर निगम ने विशाल नगर में खस्ताहाल गलियों की ली सुध, मिट्टी उठाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

हरिभूमि इंपेक्ट

विशाल नगर में मूलभूत सुविधाओं के अभाव का मुद्दा उठने के बाद नगर निगम ने कॉलोनी की गलियों से मिट्टी और मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। शुक्रवार सुबह बड़ी संख्या में मजदूरों ने मौके पर पहुंचकर सड़कों से मिट्टी उठाने का काम किया। हरिभूमि समाचार पत्र में इस मुद्दे को लगातार प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद नगर निगम की ओर से कार्रवाई शुरू की गई। नगर निगम ने फिलहाल मजदूरों के माध्यम से गलियों की सफाई शुरू की है। अधिकारियों के अनुसार, नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने के बाद इन गलियों का स्थायी निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें खस्ताहाल और दलदलनुमा गलियों से राहत मिलेगी। बता दें कि नगर निगम ने लगभग दो माह पहले विशाल नगर में सीवर लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया था, जिसके बाद गलियों को खोदकर अधर में छोड़ दिया गया था। इसके कारण मानसून के दौरान पूरे क्षेत्र में कीचड़ और जलभराव जैसी स्थिति बन गई थी, जिससे लोगों का आवागमन बेहद प्रभावित हो रहा था।



सोनीपत। विशाल नगर की गलियों से मलबा उठाते श्रमिक।

### जल्द ही नई पेयजल पाइपलाइन बिछाई जाएगी

मेयर राजीव जैन ने बताया कि क्षेत्र में जल्द ही नई पेयजल पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिसके बाद गलियों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और बारिश के कारण कार्य में देरी हुई है, लेकिन जल्द ही काम को गति दी जाएगी। वहीं खराब गलियों, मलबे और पेयजल-बिजली आपूर्ति की समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों ने वीरवार को नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर रोष भी जताया था। लोगों ने आरोप लगाया था कि शिकायतों के बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। नगर निगम ने अब क्षेत्र में सफाई और सुधार कार्य शुरू किया है।





# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

लाइफ Style



# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।

हॉलीवुड मसाला



# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौसम में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।



# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे



हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज़्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।

# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन

**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के



प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

## संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



### 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

### इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज़ हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवाड्र्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

### अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सट्र्स के लिए समर्पित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### 24 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन

**सोनीपत।** किसान मजदूर संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने गांव भटगांव में बिजलीघर के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने गांव में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर कार्यकारी अभियंता के नाम जेई को ज्ञापन सौंपा। समिति के संयोजक ईश्वर ने बताया कि गांव में घरों से बाहर बिजली मीटर करते समय स्वयं सरकार ने 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था। लगभग सभी गांव में बिजली के मीटर घरों से बाहर लग चुके हैं। उसके बाद भी 24 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं दी जा रही। आज देश बिजली के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। लेकिन गांव में मुश्किल से 19 या 20 घंटे आपूर्ति की जाती है। सरकार की इस वादा खिलाफी के कारण लोगों में आक्रोश है। यदि सरकार समय रहते अपना वादा पूरा नहीं करती तो भविष्य में मांग को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

### एसआईआर के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**गन्नौर।** एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी प्रवेश कादियान ने बैठक में एईआरओ, सुपरवाईजर और बीएलओ को एसआईआर के तहत गणना प्रपत्रों के कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि अधिकारी नियमित फील्ड निरीक्षण कर कार्य की समीक्षा करें और प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मुनादी कर जागरूक किया जाए तथा सरपंच, पंच, नंबरदार, अन्य संगठनों के सहयोग से अभियान को गति देकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाए।

### लोगों के दिनचर्या के कार्य हो रहे प्रभावित

# कई क्षेत्रों में 36 घंटे से गहराया पेयजल संकट, जताया विरोध

**लोगों का आरोप वीरवार को पूरा दिन नहीं आया पानी, पेयजल के लिए बाजार से पानी कैंपर लेने को मजबूर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


**सोनीपत।** सोनीपत के विशाल नगर में पेयजल आपूर्ति में आया दूषित पानी।

शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। कई क्षेत्रों में जहां 36 घंटे तक पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई है, वहीं कई क्षेत्रवासियों को पीने के लिए दूषित पानी मिल रहा है। शिकायतों के बावजूद नगर निगम शहर में अपनी व्यवस्थाओं को लेकर सतर्क नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में अधिकारियों की ढुलमुल कार्यप्रणाली का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में शहरवासी मात्र शिकायत, तो अधिकारी केवल आश्वासन देने तक सीमित रह गए हैं। लोग एक-दूसरे को अपना दुखड़ा सुना रहे हैं, जबकि सुनवाई करने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है।

नगर निगम के अंतर्गत आने वाले वेस्ट रामनगर व गुड़ मंडी क्षेत्र में करीब 36 घंटे से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई है। वेस्ट रामनगर निवासी राजेश, नितिन, सुरेंद्र, सुमित ने बताया कि करीब 36 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन उन्हें पेयजल आपूर्ति नहीं की गई है। इसके अलावा कई दिनों से क्षेत्र के कई हिस्सों में दूषित पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। पेयजल आपूर्ति बाधित होने से लोगों के दिनचर्या के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि उन्हें वीरवार को भी पूरा दिन पानी की सप्लाई नहीं की गई। साथ ही लोगों ने दूषित पानी की आपूर्ति पर नगर निगम प्रबंधन पर सवाल उठाए हैं। उधर विशाल नगर वेद वाटिका गली नंबर 8 के लोगों का आरोप है कि उन्हें करीब एक माह से दूषित पेयजल आपूर्ति हो रही है। ऐसे में क्षेत्र वासी बाजारों से पानी के कैंपर खरीदकर पेयजल की पूर्ति करने को मजबूर हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का दावा केवल कागजों में नजर आ रहा है। अगर उनकी समस्या का जल्द समाधान नहीं करवाया गया, तो क्षेत्र वासी सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

वहीं गुड़ मंडी क्षेत्र वासी पंकज अग्रवाल, सागर जैन, सुनील, मनोज कुमार, प्रमोद ने बताया कि कल सुबह 6 से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से जनता अस्पताल के पीछे व डाकखाने वाली गली में लोगों को पेयजल मुहैया नहीं हो पाया। इसके बाद शुक्रवार का सारा दिन बीतने के बावजूद पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई है। इससे पहले बुधवार को भी पूरा नहीं पानी नहीं आया था। ऐसे में स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**जल्द होगा हल**

लोगों की समस्या संज्ञान में आई है। कई जगह बिजली आपूर्ति के चलते पेयजल सप्लाई बाधित हुई है। इसके अलावा दूषित पेयजल आपूर्ति का मुख्य कारण सिटी थाना से कालूपुर चुंगी तक वक्त के साथ पुरानी हो चुकी पेयजल पाइपलाइन है। इस क्षेत्र में काफी समय पहले पाइपलाइन को डाला था, वो वक्त के साथ कई जगह गलने के साथ खराब हो चुकी है। नगर निगम की ओर से सर्वे अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोगों को निजात मिल सके। नगर निगम पुराने शहर के लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के लिए जल्द 50 लाख रुपये से नई पेयजल पाइपलाइन डलवाएगा।

-राजीव जैन, मेयर, नगर निगम, सोनीपत

# महिला महाविद्यालय और मेजर आशीर्वाद ट्रस्ट के बीच एमओयू

- छात्राओं को छात्रवृत्ति, करियर मार्गदर्शन और कौशल विकास का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


**सोनीपत।** एमओयू के साथ महाविद्यालय का स्टाफ एवं ट्रस्ट के पदाधिकारी।

छात्राओं के शैक्षणिक उत्थान एवं सर्वांगीण विकास को नई दिशा प्रदान करने की दृष्टि से आज राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत एवं मेजर आशीर्वाद ट्रस्ट, रामपुर कुंडल के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। महाविद्यालय की ओर से प्राचार्या डॉ. किरण सरोहा तथा ट्रस्ट की ओर से महेंद्र गौड़ ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों संस्थाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग एवं छात्राओं के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। एमओयू का प्रमुख उद्देश्य महाविद्यालय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की मेधावी तथा आर्थिक रूप से जरूरतमंद छात्राओं को प्रतिवर्ष मेजर आशीर्वाद छात्रवृत्ति प्रदान करना है। इस छात्रवृत्ति के माध्यम से छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिलेगा तथा वे आर्थिक बाधाओं से मुक्त होकर शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होंगी। इसके अतिरिक्त एमओयू के अंतर्गत छात्राओं के शैक्षणिक, बौद्धिक, व्यक्तित्व एवं कौशल विकास के लिए समय-समय पर करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### एसआईआर का उद्देश्य मतदात सूची शुद्धिकरण

**गोहाना।** शुक्रवार को शहर के गौतम नगर, देवी नगर और रैभारी मोहल्ला में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान महत्व समझाया गया। जिला कष्ट निवारण समिति जिला गोहाना के आमंत्रित सदस्य कुलदीप कौशिक ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए एसआईआर अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाना है। देश में मतदान लोकतंत्र का आधार है। देश में मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एसआईआर अभियान मील का पत्थर साबित होगा। कुलदीप कौशिक ने लोगों को इस अभियान से जुड़कर इसे सफल बनाने का आह्वान किया।

## न्यूज डायरी



### आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मॉक ड्रिल

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में विद्यार्थियों और शिक्षकों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक एवं सतर्क बनाने के उद्देश्य से विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सुरक्षित रहने तथा समय रहते सही निर्णय लेने के लिए प्रशिक्षित करना था। मॉक ड्रिल के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों, अध्यापकों और अन्य सहायक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभ्यास में भूकंप आने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई, जिसके बाद सभी विद्यार्थियों को निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्वक कक्षाओं से बाहर सुरक्षित स्थान पर पहुंचने का अभ्यास कराया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि आपदा के समय घबराने के बजाय संयम बनाए रखें, सुरक्षित निकास मार्ग का उपयोग करें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

### 29 सड़कों का होगा कायाकल्प, बजट आवंटित : इंदुराज



**गोहाना।** बरोदा विधानसभा क्षेत्र में 29 सड़कों के कायाकल्प के लिए बजट आवंटित किया गया है। सड़कों के सुदृढ़ीकरण से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। बरोदा विधानसभा के विधायक इंदुराज नरवाल (भालू) ने बताया कि 2 जुलाई 2026 को स्वीकृत 34 सडकों में से 29 सडकों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 48 करोड़ 9 लाख 31 हजार रुपये बजट आवंटित किया गया है। इन 29 सडकों की कुल लंबाई 62 किलोमीटर है। इसके अतिरिक्त नाबार्ड योजना के तहत पूरे हरियाणा में स्वीकृत 57 सडकों में से बरोदा विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत 4 सडकों के लिए भी बजट आवंटित हुआ है। इन चार सडकों के निर्माण एवं मरम्मत के लिए 25 करोड़ 7 लाख का बजट आवंटित किया गया है। विधायक ने दावा किया कि हरियाणा की 90 विधानसभा क्षेत्रों में बरोदा विधानसभा सडकें स्वीकृत करवाने के मामले में चौथे स्थान पर रही है। विधायक इन्दुराज नरवाल भालू ने कहा कि उपलब्धि पूरे बरोदा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक के विश्वास और सहयोग का परिणाम है। इंदुराज नरवाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता पहले की तरह आगे भी जारी रहेगी। सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व अन्य जनहित के कार्यों के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे।


**सोनीपत।** सोनीपत के मॉडल टाउन स्थित बीआरसी हॉल में आयोजित कार्यशाला में मौजूद मुख्य अतिथि डीपीसी कृष्णा खत्री व अन्य अतिथि। *फोटो :हरिभूमि*

### बाल संरक्षण के लिए सभी विभागों का समन्वित प्रयास समय की आवश्यकता : कृष्णा खत्री

**सोनीपत।** जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू), महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को मॉडल टाउन स्थित शिक्षा विभाग के कार्यालय के बीआरसी हॉल में बाल संरक्षण कानून, विभागीय समन्वय, विभिन्न हितधारकों की भूमिका, उत्तरदायित्व विषय पर क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समग्र शिक्षा विभाग की जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) कृष्णा खत्री ने शिरकत की, अध्यक्षता जिला बाल संरक्षण अधिकारी (डीसीपीओ) डॉ. ऋतु गिल ने की। कार्यशाला का संयोजन जिला सहायक परियोजना समन्वयक डॉ. अत्तर सिंह ने किया। कार्यशाला में मुख्य रिसोर्सपर्सन के रूप में बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राज सिंह सांगवान ने प्रतिभागियों के साथ अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि कृष्णा खत्री ने अपने संबोधन में विद्यालयों की भूमिका, बाल सुरक्षा, ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान, अनिवार्य शिक्षा, शिक्षा विभाग की ओर से अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण के लिए सभी विभागों का समन्वित प्रयास समय की आवश्यकता है।

# गांव चैनत को 6 इंची कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाए

- किसान नेताओं ने सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा


**खरखौदा।** तहसीलदार बिजेंद्र नांदल को ज्ञापन देते किसान नेता। *फोटो : हरिभूमि*

हांसी के चैनत गाँव में पीने के पानी के लिए 50 से अधिक दिनों से चल रहे धरने के समर्थन में शुक्रवार को प्रदेशभर में ज्ञापन दिए गए। उसी कड़ी में किसान यूनियन ने खरखौदा में तहसीलदार बिजेंद्र नांदल को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। मुख्य तौर पर बेदी दहिया, इंद्रजीत राणा, विकास राणा, देशपाल दहिया, राजबीर सिसाना, स्वदेश रोहणा, रणबीर कोहाड़, जयप्रकाश हलालपुर, रामकुंवार दहिया, समुंद्र राणा, आदि उपस्थित रहे। ज्ञापन में बताया गया कि खानपुर वाटर वर्क्स से हांसी शहर को जाने वाली 36 इंची मुख्य पेयजल पाइपलाइन से चैनत गांव को 6 इंची कनेक्शन उपलब्ध करवाने एवं अमृत -2 योजना से जोड़ने का काम किया जाना चाहिए। गांव में लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर पिछले करीब 50 दिनों से चैनत गांव में शांतिपूर्ण धरना चल रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में ग्रामीण सड़क किनारे बैठकर अपनी जायज मांग को लेकर आंदोलन करने को मजबूर हैं, जिसमें महिलाएं, बच्चे एवं बुजुर्ग भी शामिल हैं। ग्रामीणों, किसान संगठनों एवं सामाजिक संगठनों की ओर से मांग है कि खानपुर वाटर वर्क्स से हांसी शहर को जाने वाली 36 इंची मुख्य पेयजल पाइपलाइन से चैनत गांव को 6 इंची कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाए। मुख्य पाइपलाइन गांव की जमीन से होकर गुजर रही है। हांसी से चैनत गांव तक पाइपलाइन दबाने का कार्य किया गया है, लेकिन वर्तमान में गांव में कार्य रुका हुआ है। इसलिए गांव की जनसंख्या एवं भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खानपुर वाटर वर्क्स से चैनत गांव तक पाइपलाइन का साइज बढ़ाकर गांव को भी अमृत -2 योजना से जोड़ा जाए।

**समाधान निकाला जाए**

समस्त किसान संगठनों, सामाजिक संगठनों एवं ग्रामीणों की मांग है कि इस गंभीर जनहित के विषय पर तुरंत संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई कर गांव को 36 इंची पाइपलाइन से 6 इंची कनेक्शन उपलब्ध करवाने एवं अमृत-2 योजना से जोड़कर ग्रामीणों को पेयजल समस्या से स्थायी समाधान निकाला जाए।



### संत नामदेव को पुण्यतिथि पर किया नमन

**गोहाना।** संत नामदेव की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को सेक्टर सात में कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके जीवन, विचारों और समाज सुधार में दिए गए योगदान को याद किया। मुख्य वक्ता शिक्षाविद जयपाल माथुर ने कहा कि संत नामदेव मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के महान संतों में से एक थे। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी अनन्य भक्ति, मधुर कीर्तन और सरल जीवन शैली से विशेष पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि संत नामदेव ने भक्ति के माध्यम से सामाजिक एकता का संदेश दिया। उन्होंने समाज में जाति-पाति और ऊंच-नीच की कुरीतियों का विरोध करते हुए सभी मनुष्यों को समान दृष्टि से देखने का संदेश दिया। अध्यक्षता समाजसेवी बलराज रोहिल्ला ने की। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी, सुरेश पंवार, सुरेश धीमान, रणधीर राठी, हवा सिंह, धर्मपाल आर्य और लक्ष्मी ने भी उनको श्रद्धांजलि दी।

### लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों ने बनाई संघर्ष की रणनीति


**सोनीपत।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

**सोनीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्क्स यूनियन, शाखा पब्लिक हेल्थ की बैठक शुक्रवार को लघु सचिवालय के निकट स्थित जलघर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों पर चर्चा करते हुए आगे की रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता शाखा प्रधान विनोद शर्मा ने की। विनोद शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की लंबित मांगों के समाधान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कर्मचारियों में रोष को देखते पहले अधिकारियों के साथ बातचीत के माध्यम से समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। यदि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो सभी कर्मचारियों की भागीदारी से आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में वर्ष 2020 से 2023 तक की बकाया एलटीसी का भुगतान, कैशलेस मेडिकल सुविधा, रिक्त पदों पर पदोन्नति सहित अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया गया।

# मुस्कान ने राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में जीता रजत

- स्प्रिंगबर्ड विद्यालय की छात्रा का एशियन नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


**सोनीपत।** विजेता छात्रा के साथ विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ। *फोटो :हरिभूमि*

स्प्रिंगबर्ड विद्यालय की कक्षा 11 की छात्रा मुस्कान डागर ने पांचवीं फास्ट सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप (2026-27) में रजत पदक जीतकर विद्यालय, जिले और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन पुदुच्चेरी स्थित वास्वी इंटरनेशनल विद्यालय में किया गया, जिसमें देशभर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुस्कान डागर के शानदार प्रदर्शन को देखते नेटबॉल फेडरेशन ऑफ पुदुच्चेरी और नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने उनका चयन 14वीं एशियन सीनियर नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए किया है। यह प्रतियोगिता 7 से 15 अगस्त 2026 तक हांगकांग, चीन में आयोजित होगी। इस चयन के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल है और शिक्षकों ने मुस्कान की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की फाउंडर ऊर्मिल, चेयरपर्सन सोमनाथ वर्मा, डायरेक्टर रविश वर्मा तथा प्रधानाचार्या उमा ने मुस्कान को बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि मुस्कान अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश, प्रदेश और विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।


**खरखौदा।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक सतपाल जांबा।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस पर संगोष्ठी

**खरखौदा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस के अवसर पर खरखौदा की सैनी चौपाल में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन खरखौदा नगर पालिका के चेयरमैन हीरा लाल इंदौरा ने किया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा तथा हरियाणा सरकार में चेयरमैन अमरपाल राणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक महान राष्ट्रवादी नेता ही नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत की औद्योगिक नींव रखने वाले दूरदर्शी व्यक्तित्व थे। उन्होंने देश के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में वर्ष 1948 की औद्योगिक नीति तैयार कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए। चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, सिंदरी उर्वरक कारखाना, दामोदर घाटी निगम तथा हीराकुंड बांध जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का संकल्प उसी राष्ट्रवादी सोच को आगे बढ़ा रहा है। लि प्रभारी सतीश नांदल, विधायक पवन खरखौदा, सोनीपत के मेयर राजीव जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, ब्लॉक समिति खरखौदा के चेयरमैन सत्येंद्र मौजूद रहे।



### विधायक पवन खरखौदा ने सुनीं जनसमस्याएं

**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा ने रोहतक मार्ग स्थित कार्यालय में जनता दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनी। समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को मौके पर निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के किसी भी नागरिक को किसी भी समस्या के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। कोई भी समस्या है वह उन्हें बताएं उसका समाधान अवश्य किया जाएगा। विधायक के जनता दरबार में कई समस्याएं पहुंची जिनका विधायक ने मोके पर उपस्थित अधिकारियों को तुरंत समाधान के आदेश दिए। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका एक लक्ष्य है कि क्षेत्र में कोई भी समस्या नहीं रहने दी जाएगी। अधिकारियों का आदेश दिए की कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर कार्यालय में आता है तो उसका तुरंत समाधान होना चाहिए उसे कार्यालय के चक्कर न कटवाए।


**खरखौदा।** हवन में आहुति देते परिजन व ग्रामीण। *फोटो :हरिभूमि*

### जयंती पर शहीद कैप्टन दीपक शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**खरखौदा।** बिधलान गांव में शहीद कैप्टन दीपक शर्मा के 44 वें जन्मदिवस पर उनकी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धापूर्वक हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों व परिजनों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुति अर्पित कर शहीद कैप्टन दीपक शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी व उनके अद्वितीय साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शहीद कैप्टन दीपक शर्मा का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर देशवासियों का गौरव बढ़ाया। उनका त्याग और समर्पण सदैव आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। हवन-यज्ञ के उपरांत उपस्थित लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ग्रामीणों ने उनके आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस दौरान लक्ष्मी फाउंडेशन रोहतक की ओर से नेत्र जाँच का आयोजन किया किया गया।

### नई अनाज मंडी के साथ लगती गली में बनाया था नाला

# नाला टूटा, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


**गन्नौर।** नई अनाज मंडी के पास क्षतिग्रस्त हुआ नाला। *फोटो :हरिभूमि*

नई अनाज मंडी के साथ लगती गली में कुछ दिन पहले बनाया गया नाला टूट जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। नाला क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि जिस नाले का निर्माण हाल ही में कराया गया था, वह कुछ ही दिनों में टूट गया, जिससे निर्माण में बरती गई गुणवत्ता पर संदेह पैदा हो गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, नाला टूटने से बरसात के दौरान जल निकासी प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो गली में पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किया गया, जिसके कारण नाला इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त हो गया। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से पूरे मामले की जांच कराने, जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई करने तथा नाले का दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की है।

**जल्द मरम्मत करवाई जाएगी**

एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजकर नाले का निरीक्षण कराया जाएगा। यदि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा नाले की जल्द मरम्मत कराई जाएगी।



### वेतन नहीं मिलने पर सफाई कर्मचारियों का धरना

**गन्नौर।** दो माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज जेबीएम कंपनी के सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को कम्पनी के खिलाफ धरना शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक वे काम पर नहीं लौटेंगे। कर्मचारियों के धरने पर बैठने से शहर में कचरा उठान का कार्य पूरी तरह ठप्प हो गया, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में गंदगी फैलने की आशंका बढ़ गई है। कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन नहीं मिलने से उनके सामने परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है। वहीं कंपनी की तरफ से न तो उन्हें पीएफ दिया जाता है और न ही ईएसआई की सुविधा है। सप्ताह में उन्हें हर दिन काम करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### युवक पर नकदी और फोन छीनने का आरोप

**सोनीपत।** पटेल नगर निवासी एक युवक ने कुछ युवकों पर मारपीट कर नकदी और मोबाइल छीनने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूरजभान ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से गांव लाठ के रहने वाले हैं। 29 जून की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने मित्र दिलबाग के साथ बंदेपुर स्कूल के समीप बैठे थे। इसी दौरान विशाल अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि सभी ने मिलकर उन पर हमला कर दिया और सिर पर पत्थर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### गुम हुए 33 फोन बरामद मालिकों को लौटाए

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस की साइबर सेल ने जून माह के दौरान गुम हुए 33 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब आठ लाख रुपये बताई गई है। सहायक पुलिस आयुक्त साइबर राजदीप मोर ने शुक्रवार को मोबाइल उनके मालिकों के हवाले किए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस का आभार जताया। साइबर सेल इंचार्ज उप निरीक्षक कमल सिंह व उनकी टीम ने तकनीकी निगरानी के जरिए मोबाइल ट्रेस किए। पुलिस के अनुसार सभी मोबाइल सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल पर गुमशुदा के रूप में दर्ज थे।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव मुरथल निवासी सुनिल उर्फ काला उर्फ अमरूदा के रूप में हुई है। अदालत में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, आदर्श नगर निवासी संदीप ने 3 जून को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह किसी कार्य से सोनीपत आया था। इस दौरान दोपहर करीब दो बजे उसकी मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। शिकायत के आधार पर सेक्टर-27 थाना में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# सौगात: खेलकूद विद्यालय में तैयार होगा विश्वस्तरीय सिंथेटिक हॉकी टर्फ, खिलाड़ियों को मिलेगा लाभ

## लोक निर्माण विभाग की ओर से योजना के लिए 4.06 करोड़ रुपये का बजट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सरकार व प्रशासन जिले के खिलाड़ियों के लिए नित नई योजनाएं लाकर उन्हें सौगात देने का कार्य कर रहे हैं। हॉकी खिलाड़ियों के लिए जल्द ही राई स्थित मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय में विश्वस्तरीय सिंथेटिक हॉकी टर्फ तैयार करने का निर्णय लिया गया है, ताकि जिले के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अभ्यास व प्रशिक्षण की सुविधाएं प्राप्त कर जिले का नाम रोशन कर सकें। लोक निर्माण विभाग ने योजना के लिए 4.06 करोड़ रुपये का बजट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। खेलकूद विद्यालय परिसर में वर्तमान हॉकी एस्टोटर्फ काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। कई स्थानों पर टर्फ फटने, क्षतिग्रस्त होने के कारण खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के दौरान परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। खिलाड़ी लंबे समय से बेहतर सुविधाओं की मांग कर रहे थे। जिसे अब सरकार और विभाग ने गंभीरता से लेते हुए नए सिंथेटिक टर्फ निर्माण का निर्णय लिया है। नए सिंथेटिक हॉकी टर्फ के निर्माण के बाद खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अभ्यास का अवसर उपलब्ध होगा। अत्याधुनिक टर्फ पर नियमित अभ्यास से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में गुणात्मक सुधार आएगा। जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।



एआई जनरेटेड फोटो

### जिले में तैयार होगी खिलाड़ियों की पौध, चमकेगा नाम

बता दें कि आधुनिक तकनीक और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार होने वाला यह मैदान भविष्य में जिले के अनेक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। नया सिंथेटिक टर्फ तैयार होने के बाद मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय की खेल संरचना और अधिक मजबूत होगी। जिले में नए-नए खिलाड़ियों को मौका मिलने से नई पौध तैयार होगी। युवाओं को अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के साथ आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने से जिले से राज्य व राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिताओं के आयोजन की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस यह सिंथेटिक हॉकी टर्फ न केवल खिलाड़ियों के लिए बेहतर अभ्यास का माध्यम बनेगा, बल्कि उनके बड़े सपनों को भी नई उड़ान देगा।

### मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय में बनेगा नया हॉकी टर्फ

राई स्थित मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय परिसर में हॉकी टर्फ काफी पुराना हो चुका है। कई स्थानों पर एस्टोटर्फ फटने के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास करने में परेशानी होती है। खिलाड़ियों की की सुविधा, बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए नए हॉकी टर्फ बनाने की योजना तैयार की गई है। ऐसे में करीब 4.06 करोड़ रुपये का बजट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
**-धर्मेंद्र राठी,** उपमंडल अभियंता, लोक निर्माण विभाग

## लेवल-3 में 3961, लेवल-2 6843, लेवल-1 में 2964 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा : उपायुक्त

# एचटेट 2026 : 22 केंद्रों पर 13,768 अभ्यर्थी तीन लेवल में देंगे परीक्षा

*अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए डायल-112 पर मिलेगी त्वरित सहायता, एडीसी एचटेट परीक्षा के दौरान रहेंगे ओवरऑल इंचार्ज*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से जिले में 4 व 5 जुलाई को होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2026 के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 4 जुलाई को लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5:30 बजे तक और 5 जुलाई को लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक और लेवल-1 (पीआरटी) दोपहर 3 से शाम 5:30 बजे तक आयोजित होगी। जिले में 22 परीक्षा केंद्रों पर कुल 13,768 अभ्यर्थी तीनों लेवल की परीक्षा देंगे।

उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, बिजली, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। सभी ड्यूटी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा के निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त कर दिए गए है। एचटेट की परीक्षाओं के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) ओवरऑल इंचार्ज रहेंगे। एचटेट परीक्षा के दौरान 4 जुलाई को 3961 अभ्यर्थी लेवल-3 व 5 जुलाई को 6843 लेवल-2 और 2964 लेवल-1 की परीक्षा देंगे। यदि किसी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति का सामना करना पड़े, तो वह तत्काल डायल-112 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। पुलिस एवं प्रशासन की टीमें तत्काल सहायता उपलब्ध करवाएंगी।



### परीक्षार्थियों की मदद करेगी पुलिस

पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने कहा कि यदि किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसे सुरक्षित एवं समय पर परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने के लिए सोनीपत पुलिस की गाड़ियां भी उपलब्ध रहेंगी। सोनीपत पुलिस का उद्देश्य प्रत्येक अभ्यर्थी को सुरक्षित, सहज एवं भयमुक्त वातावरण में परीक्षा दिलाना है। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से अपील की, कि वह समय से पहले घर से निकलें, यातायात नियमों का पालन करें। किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर निकटतम पुलिसकर्मी अथवा पुलिस हेल्पलाइन से संपर्क करें।

### दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित के लिए विशेष व्यवस्था

उपायुक्त ने अभ्यर्थियों से अपील की, कि वह परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचें, अपने प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र साथ लाएं तथा बोर्ड द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें। दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए विशेष कक्ष बनाए गए हैं। उन्हें नियमानुसार प्रति घंटे 20 मिनट के हिसाब से 50 मिनट का अतिरिक्त समय मिलेगा। परीक्षा के दौरान किसी भी आपात स्थिति में अभ्यर्थी डायल-112 पर संपर्क कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

### इन बातों का रखना होगा ध्यान

अधिकारियों की मानें तो अभ्यर्थियों को मोबाइल, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रानिक उपकरण या अन्य कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केवल बिंदी, सिंदूर, मंगलसूत्र, धार्मिक प्रतीक और वैध पहचान पत्र ही साथ ले जा सकेंगे। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन का पूरा प्रयास रहेगा कि प्रत्येक अभ्यर्थी को सुरक्षित और निष्पक्ष माहौल में परीक्षा देने का अवसर मिल सके।

### सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 700 पुलिस जवान व 17 पेट्रोलिंग पार्टियां रहेंगी तैनात

- पुलिस आयुक्त ने एचटेट परीक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा गोष्ठी
- बच्चों को सुरक्षित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए पुलिस की गाड़ियां भी रहेंगी उपलब्ध

**सोनीपत।** जिला पुलिस आयुक्त ममता सिंह (एडीजीपी) ने 4 व 5 जुलाई को होने वाली एचटेट परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगभग 700 पुलिस जवानों के साथ 17 पेट्रोलिंग पार्टियां लगातार क्षेत्र में गश्त करेंगी। प्रत्येक पेट्रोलिंग पार्टी में एसीपी, एसएचओ, या निरीक्षक स्तर के अधिकारी तैनात रहेंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के आसपास विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि या कानून-व्यवस्था संबंधी स्थिति उत्पन्न न हो। परीक्षा केन्द्रों के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने, अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने तथा भीड़ प्रबंधन के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए।

## न्यूज डायरी

### क्विज शो में गीता विद्या मंदिर के दो मेधावी चयनित



**गोहाना।** राष्ट्रीय शो कौन बनेगा राष्ट्रीय रत्न के लिए गीता विद्या मंदिर, गोहाना के दो मेधावी विद्यार्थी कक्षा 5वीं के अंश और कक्षा 7वीं की छात्रा आस्था का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह राष्ट्रीय शो सामान्य ज्ञान एवं संस्कृति मूल्यों पर आधारित होगा। राष्ट्रीय शो की चयन स्पर्धा में देशभर से लगभग 47 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के बाद मात्र 40 प्रतिभागियों का चयन किया गया। राष्ट्रीय शोक कौन बनेगा ज्ञान रत्न के अंतिम चरण में 25 प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। प्राचार्य अश्वनी कुमार व कोषाध्यक्ष दिनेश तनेजा ने चयनित दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य के अनुसार उक्त राष्ट्रीय शो का प्रसारण 22 जुलाई 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ वेट-इन



**गोहाना।** जींद मार्ग पर खन्दराई चौक के समीप स्थित जय बालाजी बॉक्सिंग अकादमी में 4 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल बॉक्सिंग फाइट-गोल्डन गोल्डन ग्लव्स फाइट नाइट का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का शुक्रवार को वेट-इन प्रक्रिया सम्पन्न करवाई गई। यह प्रतियोगिता सायं 5 बजे आयोजित होगी। अकादमी के संस्थापक जितेंद्र हुड्डा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता अकादमी के बॉक्सिंग हॉल में आयोजित होगी जिसके लिए शुक्रवार को वेट-इन संपन्न कराया गया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मूल रूप से अमेरिका में आयोजित की जाती है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान रखती है। इस अवसर पर नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (अमेरिका) के अध्यक्ष डिमॉन जोनालेस, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर जेम्स हार्ले, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच जेम्स थॉमस तथा एनबीए के एडवाइजर डेविड विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### डिवाइडर हटाने पर न्यायालय की रोक कायम

**खरखौदा।** शहर के मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडरों को हटाने के मामले में नगर पालिका को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। खरखौदा की अदालत ने डिवाइडर हटाने पर पहले से लगी रोक (स्टे) को बरकरार रखते हुए अगली सुनवाई 11 अगस्त तय की है। साथ ही नगर पालिका द्वारा स्टे हटाने और केस बंद के लिए दायर की गई अर्जी भी खारिज कर दी गई है। शहर के मुख्य मार्ग पर करोड़ों रुपये की लागत से डिवाइडरों का निर्माण पूर्व में कराया गया था। हाल ही में विधायक के मौखिक निर्देशों के आधार पर नगर पालिका ने डिवाइडरों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी थी। इसका नगर पालिका अध्यक्ष हीरालाल इंदौरा तथा कई पार्षदों ने विरोध किया। उनका आरोप था कि बिना किसी प्रस्ताव, तकनीकी योजना या वैधानिक प्रक्रिया के डिवाइडर हटाए जा रहे हैं, जिससे सरकारी धन की बर्बादी होगी और शहर में यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। मामला अदालत पहुंचने पर पहले ही डिवाइडर हटाने पर रोक लगा दी गई थी। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान नगर पालिका ने अदालत में अर्जी देकर कहा कि डिवाइडर हटाना जनहित में है, इसलिए स्टे हटाया जाए। वहीं अध्यक्ष और पार्षदों की ओर से अधिवक्ता कमल शर्मा ने दलील दी कि डिवाइडर हटाने से जाम और सड़क हादसों की आशंका बढ़ेगी तथा करोड़ों रुपये की सार्वजनिक राशि व्यर्थ चली जाएगी।

### आइस स्केटिंग में अंशिका ने जीते दो कांस्य पदक



**सोनीपत।** हिमाद्री आइस स्केटिंग रिंक में आयोजित हरियाणा आइस स्केटिंग चैंपियनशिप में टीका राम कन्या महाविद्यालय की छात्रा अंशिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीनियर वर्ग में दो कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता का आयोजन 3 जून से 8 जून 2026 तक किया गया, जिसमें प्रदेशभर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अंशिका का चयन 21वीं आइस स्केटिंग राष्ट्रीय चैंपियनशिप और साउथ एशियन आइस स्केटिंग चैंपियनशिप के ट्रायल के लिए भी किया गया है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. उषा दहिया और खेल विभागाध्यक्ष डॉ. सुनैन मान ने अंशिका को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. अलका, डॉ. मोनिका और सविता भी उपस्थित रहीं। महाविद्यालय प्रशासन ने उम्मीद जताई कि अंशिका आगामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

### अर्ध नग्न होकर ठेका प्रथा खत्म कर करने की मांग

**सोनीपत।** नगर निगम सोनीपत में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बलि सेना के बैनर तले सफाई कर्मचारियों का धरना शुक्रवार को 18वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। कर्मचारियों ने नगर निगम में प्रस्तावित पांच वर्षीय ठेका व्यवस्था का विरोध करते हुए सभी सफाई कर्मचारियों को विभाग के पैरोल पर लेने की मांग उठाई। धरने के बाद कर्मचारियों ने निगम कार्यालय से अर्ध नग्न प्रदर्शन शुरू किया। जोकि गीता भवन चौक, बस स्टैंड, अंबेडकर पार्क, मामा-भांजा चौक, कच्चे क्वार्टर और सुभाष चौक से होते हुए दोबारा नगर निगम कार्यालय पहुंचा। इस दौरान कर्मचारियों ने ठेका प्रथा और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्थायी रोजगार की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ठेका प्रथा से कर्मचारियों का भविष्य असुरक्षित हो गया है। सरकार ठेका व्यवस्था समाप्त कर सफाई कर्मचारियों को नियमित रोजगार की गारंटी दे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### विधायक ने कैलाना गांव में करीब 1 करोड 79 लाख के विकास कार्यों का किया उद्घाटन


**गन्नौर।** कैलाना में विकास कार्यों का शिलान्यास करते विधायक देवेंद्र कादियान।

**गन्नौर।** गांव कैलाना में शुक्रवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने करीब 1 करोड 79 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। विधायक ने करीब 30 लाख रुपये की लागत से मंदिर वाले तालाब की चारदीवारी, 15 लाख 50 हजार रुपये से बनी चार गलियों, 20 लाख रुपये की लागत से तैयार फिरनी, 41 लाख रुपये से बने पनघट वाले रास्ते तथा 61 लाख रुपये की लागत से पनघट से सिटावली रोड तक बने संपर्क मार्ग का उद्घाटन किया। इसके अलावा 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाली श्मशान घाट स्थित तालाब की चारदीवारी का शिलान्यास भी किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गांवों में सड़क, गलियों और सार्वजनिक स्थलों के विकास से मूलभूत सुविधाएं मजबूत होंगी तथा लोगों के दैनिक जीवन में आसानी आएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा, ताकि इनका लाभ लंबे समय तक ग्रामीणों को मिलता रहे।


**गन्नौर।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा बूथों का निरीक्षण करते हुए।

### भाजपा नेताओं ने किया बूथों का निरीक्षण

**गन्नौर।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने शुक्रवार को गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के गांव आहुलाना के बूथ संख्या 4, 5 व 6, भौरा रसुलपुर के बूथ संख्या 8 व 9 तथा गढ़ी झंझारा के बूथ संख्या 12, 13 व 14 का दौरा कर एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को एसआईआर के बारे में जानकारी देते हुए तय समय के भीतर अपने फार्म भरकर संबंधित अधिकारियों के पास जमा कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को भी एसआईआर कार्य में लगे अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर लोगों को जागरुक करने के निर्देश दिए।

## पटना, नागपुर व जम्मू-कश्मीर के प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन, मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

# सुपर-100 योजना से सोनीपत के तीन विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

रविंद्र ठाकुर ▸▸| सोनीपत

कड़ी मेहनत सफलता की सबसे मजबूत नींव है। यह सच्चाई है कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। परिणाम भले ही देर से मिले, लेकिन हर प्रयास व्यक्ति को कुछ नया सिखाने, क्षमता को बढ़ाकर भविष्य में बेहतर अवसर प्रदान करता है। मेहनत का ही नजीता है कि प्रदेश में 75 विद्यार्थियों के बीच जिले के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 3 होनहारों का मेहनत के बल पर पटना, नागपुर व जम्मू-कश्मीर के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के लिए अपना चयन हुआ है। केंद्रीय विद्घुत मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चयनित विद्यार्थियों को चंडीगढ़ के सेक्टर-3 स्थित हरियाणा राजभवन में अपना आशीर्वाद देकर जीवन में आगे बढ़ने की कामना की है। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि विभिन्न राजकीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाले चयनित विद्यार्थियों ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शैक्षणिक पहल मिशन बुनियाद के अंतर्गत हरियाणा सुपर-100 के तहत अपने अथक संघर्ष, मेहनत के बल पर असाधारण सफलता हासिल कर परिवार व जिले का नाम प्रदेश में रोशन किया है। इनमें सोनीपत से प्रांशु, मुंडलाना से गौतम, गोहाना से तन्नु शामिल है।



### मेधावियों को मिला श्रेष्ठ मार्गदर्शन

जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सुपर-100 योजना का उद्देश्य प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट अकादमिक वातावरण प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के लिए सक्षम बनाना है। जिले के यह चयनित विद्यार्थी कुरुक्षेत्र स्थित सुपर-100 संस्थान में दो साल तक जेईई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इसके बाद विद्यार्थियों ने नवंबर 2025 में मेन्स परीक्षा में शामिल होकर अपने भाग्य को आजमाया।



गोहाना के राजकीय कन्या विद्यालय, भैंसवाल में शिक्षा ग्रहण करने वाली तन्नु का बिहार के पटना स्थित एनआईटी में चयन हुआ है। वह यहां एआई में तीन वर्षीय बीटेक का प्रशिक्षण लेंगी। इसके बाद प्लेसमेंट के आधार पर देश या विदेश में नौकरी का चयन कर सकेंगी। गांव भैंसवाल किसान सुरेंद्र के घर जन्मी तन्नु जन्म से होनहार है। उनकी माता मंजू गृहिणी हैं। कक्षा 10वीं में 96 प्रतिशत, 12वीं में नॉन मेडिकल से 87.8 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली तन्नु ने रोजाना 8-10 से घंटे मेहनत की।



मुंडलाना के गांव राणा खेड़ी निवासी गौतम का महाराष्ट्र के नागपुर स्थित आईआईआईटी में चयन हुआ है। वह यहां कंप्यूटर साइंस में तीन वर्षीय बीटेक का प्रशिक्षण लेंगे। इनके पिता कुलदीप खेतीबाड़ी का काम करते हैं, जबकि माता सुषमा रानी आंगनवाड़ी वर्कर हैं। जतिन रोजाना करीब 10 घंटे पढ़ाई कर इस मुकाम को हासिल किया है। कक्षा 10वीं में 96 प्रतिशत, 12वीं नॉन मेडिकल में 92 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले गौतम का लक्ष्य विदेश में नौकरी करना है।



सोनीपत के रोहतक रोड गली नंबर 2 निवासी प्रांशु का जम्मू-कश्मीर स्थित आईआईटी में चयन हुआ है। वह यहां कंप्यूटर साइंस में तीन वर्षीय बीटेक की पढ़ाई पूरी करेंगे। इनके पिता सतीश कुमार टेलर शॉप का संचालन कर रहे हैं, जबकि माता उर्वशी गृहिणी है। कक्षा 10वीं में 95 प्रतिशत, 12वीं नॉन मेडिकल में 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाला प्रांशु बचपन से ही होशियार रहा है। सतीश कुमार ने बताया कि बेटे ने कभी उन्हें कुछ कहने का मौका भी नहीं दिया।